उ.प्र. भू–सम्पदा विनियामक प्राधिकरण

नवीन भवन, राज्य नियोजन संस्थान,
कालाकांकर हाउस, पुराना हैदराबाद, लखनऊ–226007।

पत्रांकः 13578 /यू.पी.रेरा/नियुक्ति–सहा0–अभि0/2019–20 दिनांकः 23 दिसम्बर, 2019

कार्यालय आदेश

उ0प्र0 भू–सम्पदा विनियामक प्राधिकरण द्वारा सहायक अभियंता पद हेतु प्रकाशित विज्ञापन संख्या–03/स्था0/भर्ती/2018–19 दिनांक 26.09.2018 के क्रम में दिनांक 21.12.2019 को सम्पन्न साक्षात्कार के आधार पर चयनित श्री विनीत कुमार सिंह पुत्र श्री रामधारी गौतम को उ0प्र0 रेरा में वेतन–बैण्ड 15600–39100 ग्रेड–पे 5400 में संविदा के आधार पर 03 वर्ष की अवधि हेतु नियुक्त किया जाता है।

संविदा पर नियुक्त अधिकारी की सेवाएं उत्कृष्ट कोटि की होने की दशा में संविदा सेवा अवधि 01 वर्ष के लिए विस्तारित की जा सकेगी, परन्तु यह कि संविदा की अवधि एक बार में एक वर्ष तथा कुल मिलाकर 02 वर्ष से अधिक अवधि के लिए नहीं बढ़ाई जाएगी। प्राधिकरण द्वारा उक्त संविदा एक माह की नोटिस देकर या ऐसी नोटिस के बदले में 30 दिन के वेतन का भुगतान करके समाप्त की जा सकेगी।

नियुक्त सहायक अभियंता (संविदा) को पद के अनुमन्य ग्रेड–पे के सादृश्य सातवें वेतनमान में निर्धारित वेतन मैट्रिक्स–लेवल में अंकित न्यूनतम वेतन तथा राज्य कर्मचारियों को समय–समय पर देय मंहगाई भत्ते के समान धनराशि अनुमन्य होगी।

श्री विनीत कुमार सिंह, सहायक अभियंता (संविदा) को वर्ष में (जनवरी से दिसम्बर तक) 20 दिन का अवकाश अनुमन्य होगा। प्राधिकरण तथा चयनित संविदा अधिकारी के मध्य एक अनुबंध निष्पादित किया जाएगा।

श्री विनीत कुमार सिंह को प्राधिकरण में योगदान के समय मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा प्रदत्त स्वास्थ्य प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।

(अबरार अहमद)
सचिव।

संख्या एवं दिनांक तदैव।

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. मा0 अध्यक्ष महोदय, उ.प्र. भू–सम्पदा विनियामक प्राधिकरण कृपया।
2. मा0 सदस्यगण, उ.प्र. भू–सम्पदा विनियामक प्राधिकरण कृपया।
3. वित्त नियंत्रक, उ.प्र. भू–सम्पदा विनियामक प्राधिकरण।
4. तकनीकी सलाहकार, उ.प्र. भू–सम्पदा विनियामक प्राधिकरण।
5. संयुक्त सचिव, उ.प्र. भू–सम्पदा विनियामक प्राधिकरण।
6. उपसचिव, उ.प्र. भू–सम्पदा विनियामक प्राधिकरण, क्षे0का0, ग्रेटर नोएडा।
7. श्री विनीत कुमार सिंह, ईमेलः sunshinesingh7@gmail.com को इस आशय से कि उपरोक्तानुसार नियुक्ति आदेश स्वीकार होने की दशा में अपनी योगदान आख्या एक सप्ताह में प्रस्तुत करने का कष्ट करें
8. अन्य सम्बन्धित/गार्ड फाईल।

23/12/19

(अबरार अहमद)
सचिव।